समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

# BCCI का बड़ा ऐलान : भारत दौरे पर आएंगी ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की ए टीमे, कानपुर-लखनऊ और बेगंलुरु मे होंगे मैच।

Publisher — Published on 29 May 2025



## BCCI ने सितंबर से नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की 'ए' टीमों के शेड्यूल की घोषणा की, युवा खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा मंच।

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (**BCCI**) ने घरेलू सरजमीं पर **सितंबर से नवंबर 2025** के बीच दो अहम सीरीज की घोषणा की है। इस दौरान **ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की पुरुष 'ए' टीमे भारत दौरे पर रहेगी** और चार दिवसीय व एकदिवसीय मुकाबले खेलेंगी। इस दौरे का उद्देश्य भारत के युवा क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभव से परिचित कराना है।

**ऑस्ट्रेलिया की ए टीम 16 सितंबर से शुरू करेगी भारत दौरा**
ऑस्ट्रेलिया की टीम **16 सितंबर से लखनऊ** में अपना पहला चार दिवसीय मैच खेलेगी। यह मैच **19 सितंबर तक चलेगा**। इसके बाद **23-26 सितंबर तक लखनऊ** में ही दूसरा चार दिवसीय मुकाबला होगा। इसके बाद टीम **30 सितंबर, 3 अक्टूबर और 5 अक्टूबर को तीन वनडे मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम** में खेलेगी।

**साउथ अफ्रीका की टीम नवंबर मे दिखाएगी दम**
ऑस्ट्रेलिया की टीम के दौरे के बाद **दक्षिण अफ्रीका की ए टीम भारत** पहुंचेगी। इसका पहला चार दिवसीय मैच **30 अक्टूबर से 2 नवंबर** तक और **दूसरा 6 से 9 नवंबर तक बेगंलुरु के BCCI सेटंर ऑफ एक्सीलेसं** में खेला जाएगा।

इसके बाद एकदिवसीय मुकाबले होंगे जो **13, 16 और 19 नवंबर** को बेंगलुरु के **एम चिन्नास्वामी स्टेडियम** में खेले जाएंगे।

**इस दौरे का महत्व क्यों है ?**
BCCI द्वारा आयोजित ये 'ए' टीम टूर, सीनियर टीम की बड़ी सीरीज से पहले युवा खिलाड़ियों को मैच प्रैक्टिस देने का जरिया हैं। इसमें वे खिलाड़ी शामिल होते हैं जो इंडिया A टीम का हिस्सा हैं और भविष्य में राष्ट्रीय टीम के लिए दावेदारी पेश कर सकते हैं।

**शेड्यूल एक नजर मे:**
**ऑस्ट्रेलिया ए टीम का भारत दौरा :**
**16-19 सितंबर :** पहला चार दिवसीय मैच – लखनऊ

**23-26 सितंबर :** दूसरा चार दिवसीय मैच – लखनऊ

**30 सितंबर :** पहला वनडे – कानपुर

**3 अक्टूबर :** दूसरा वनडे – कानपुर

**5 अक्टूबर :** तीसरा वनडे – कानपुर

**दक्षिण अफ्रीका ए टीम का भारत दौरा :**

**30 अक्टूबर – 2 नवंबर :** पहला चार दिवसीय मैच – बेंगलुरु

**6 – 9 नवंबर :** दूसरा चार दिवसीय मैच – बेंगलुरु

**13 नवंबर :** पहला वनडे – चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु

**16 नवंबर :** दूसरा वनडे – चिन्नास्वामी स्टेडियम

**19 नवंबर :** तीसरा वनडे – चिन्नास्वामी स्टेडियम

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.